# आंकलन प्रपत्र
# विषय : विज्ञान
# कक्षा – VI-VIII

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

SCERT
स्वाध्यायान्मा प्रमदः

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद
वरूण मार्ग, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024

1000 प्रतियां
2014
© राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली

## *मुख्य सलाहकार*

**श्री अनिन्दो मजूमदार**
प्रधान सचिव (शिक्षा)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
**श्रीमती नेहा बंसल**
आई.ए.एस. राज्य परियोजना निदेशिका (एस.एस.ए)
**श्रीमती अनीता सेतिया**
निदेशिका, एस.सी.ई.आर.टी., दिल्ली

## *मार्ग दर्शन*

**डॉ. प्रतिमा शर्मा**
सयुक्त निदेशिका, एस.सी.ई.आर.टी. एवं राज्य शिक्षण समन्वयक

## *शैक्षिक समन्वयक एवं संपादक*

**डॉ. नाहर सिंह**, एस.सी.ई.आर.टी., दिल्ली
**डॉ. विन्दु सक्सेना**, एस.सी.ई.आर.टी., दिल्ली

## *लेखक समूह*

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. नाहर सिंह | - | रीडर, यू.ई.ई., एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| डॉ. सीमा यादव | - | वरिष्ठ प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्रीमती रीतिका डबास | - | वरिष्ठ प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| डॉ. विन्दु सक्सेना | - | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्री संजय कुमार | - | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्रीमती ज्योति वार्ष्णेय | - | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्री धीरज कुमार राय | - | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्री राकेश कुमार सिन्हा | - | टी.जी.टी., जी.बी.एस.एस., कालकाजी |

**प्रकाशन प्रभारी** : सपना यादव (एस.सी.ई.आर.टी) दिल्ली
**प्रकाशन समूह** : श्री नवीन कुमार, राधा एवं जयभगवान
**प्रकाशक** : राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली
**मुद्रक** : एजूकेशनल स्टोर्स, एस-5, बुलन्दशहर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, साईट-1, गाजियाबाद (उ.प्र.)

# प्राक्कथन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार देश के प्रत्येक बच्चे को जो कि 6-14 आयु वर्ग के हैं, को अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान है। परंतु देश में करोड़ों की संख्या में बच्चे विद्यालयी शिक्षा के बजाए सड़कों, दुकानों, कल-कारखानों तथा फुट-पाथों पर अपने अभिभावक के साथ या अकेले कार्य कर रहे होते हैं। जब इन बच्चों को इस स्थिति में मिलते हैं तो मन में एक पीड़ा सुनाई देती है कि किस प्रकार शिक्षा का अधिकार का पालन हो रहा है शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुच्छेद-4 के अनुपालन में राज्य सरकारों व स्थानीय स्वशासन की जिम्मेदारी बनती है कि इन बच्चों का किसी-न-किसी विद्यालय में उनकी आयु के आधार पर नामांकन कराना तथा प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण न होने तक विद्यालय के अन्दर बनाए रखना आवश्यक है।

इस प्रकार के बच्चों के लिए नामांकन करना बहुत ही सरल कार्य है, लेकिन इस प्रकार के बच्चों को उनकी आयु के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना एक अध्यापक के लिए विशेष चुनौती है, क्योंकि प्रवेश आयु के आधार पर दिया जा सकता है लेकिन बिना आंकलन के एक अध्यापक के लिए बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है क्योंकि सामान्य बच्चों के साथ इस प्रकार के बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण नहीं दिया जा सकता। अध्यापकों तथा बच्चों की समस्याओं का निदान करते हुए प्रारंभिक शिक्षा विभाग एस.सी.ई.आर.टी दिल्ली ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न आंकलन प्रपत्रों का निर्माण किया है। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश के समय आंकलन कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण केन्द्रों पर विशेष पाठ्यक्रम के लिए अग्रप्रेषित किया जा सकता है।

यह आंकलन प्रपत्र केवल प्रवेश प्रक्रिया के समय ही नहीं अपितु तीन माह से लेकर दो वर्षों तक बच्चे के द्वारा सीखी गई सभी क्रियाओं का आंकलन करने में भी प्रपत्र अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। एक तरह से देखा जाए यह आंकलन प्रपत्र प्रवेश पूर्व तथा विद्यालय शिक्षा में जोड़ने तक अहम भूमिका निभा सकते हैं। यदि शिक्षक चाहे तो इन प्रपत्रों के स्वरूप को देखकर तथा छात्रों की क्षेत्र विशेष को ध्यान में रखकर स्वयं भी इस प्रकार के प्रपत्र तैयार कर बच्चों का आंकलन कर सकते हैं।

मुझे आशा है कि एस.सी.ई.आर.टी दिल्ली का ये प्रयास बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगा। यदि आप के संज्ञान में किसी भी प्रकार की त्रुटि या सुझाव देने की जिज्ञासा है, तो प्रभारी प्रारंभिक शिक्षा विभाग को पत्र के माध्यम से सीधे सूचित कर सकते हैं। अंत में मैं अपने सभी सहयोगियों तथा अध्यापकों को सहृदय आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इन आंकलन प्रपत्रों के बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

**डॉ. नाहर सिंह**
रीडर एवं प्रभारी
प्रारंभिक शिक्षा विभाग, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली

# STC-1
# आंकलन प्रपत्र

**विषय : विज्ञान** **कक्षा-VI**

समय : ........................ पूर्णांक : 40

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

**प्रश्न 1. उचित विकल्प चुनिए।**

**(i)** रोटी का टुकड़ा अधिक देर तक चबाने पर कैसा लगता है?

(A) खट्टा ( ) (B) मीठा ( )

(C) नमकीन ( ) (D) कड़वा ( )

**(ii)** उल्टी दस्त होने पर छोटे बच्चों को क्या देना चाहिए?

(A) रोटी ( ) (B) नमक-चीनी का घोल ( )

(C) चावल ( ) (D) अंडा ( )

**(iii)** बीजों को यहाँ से वहाँ पहुँचाने (बीजों का प्रकीर्णन) का कार्य किनके माध्यम से होता है?

(A) जानवर ( ) (B) पक्षी ( )

(C) पानी ( ) (D) इनमें से सभी ( )

**(iv)** निम्नलिखित चीजों में से कौन-सी चीज पानी में नहीं डूबेगी–

(A) लोहे की कील ( ) (B) सात कंकड़ों से भरी कटोरी ( )

(C) बर्फ का टुकड़ा ( ) (D) चम्मच ( )

**(v)** जंगलों (वनों) से हम क्या प्राप्त करते हैं?

(A) जड़ी बूटियाँ ( ) (B) बांस ( )

(C) इमारती लकड़ियाँ ( ) (D) इनमें से सभी। ( )

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।**

**(i)** कुछ नर कीड़े-मकौड़े, अपनी ........................ कीड़े की गंध से उसकी पहचान कर लेते हैं। (मादा/नर)

**(ii)** चील, बाज और गिद्ध जैसे पक्षी हमसे चार गुना ज्यादा .................. से देख पाते हैं। (नजदीक/दूर)

**(iii)** 'अनीमिया' ........................ की कमी के कारण होता है। (लोहा/कैल्सियम)

**(iv)** तारे ज्यादातर ........................ में ही दिखते हैं। (दिन/रात)

**प्रश्न 3. मिलान कीजिए।**

| | *कॉलम क* | | *कॉलम ख* |
|---|---|---|---|
| (i) | हाथी | (A) | एक खास आवाज निकालना |
| (ii) | लंगूर | (B) | सूँघने की क्षमता ज्यादा |
| (iii) | कुत्ता | (C) | बड़े कान |
| (iv) | नाग | (D) | गर्दन लम्बी होती है |
| (v) | जिराफ | (E) | जहरीला होता है |

प्रश्न 4. नीचे लिखे अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ने के उपरान्त प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वैसे तो सभी सागरों के पानी में नमक होता है लेकिन मृत सागर दुनिया का सबसे नमकीन सागर है। इतना नमकीन कि लगभग एक लीटर पानी में 300 ग्राम नमक घुला हुआ है। मृत सागर का पानी स्वाद में कड़वा है। सबसे मजे की बात तो यह है कि मृत सागर में हम ऐसे तैर सकते हैं जैसे आराम से लेटे हो।

(क) दुनिया का सबसे नमकीन सागर कौन-सा है?

(ख) मृत सागर के पानी का स्वाद कैसा है?

(ग) क्या हम मृत सागर में आराम से लेट सकते हैं?

(घ) मृत सागर के 1 लीटर पानी में कितना ग्राम नमक घुला रहता है?

प्रश्न 5. निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

(क) ऐसे चार जानवरों के नाम लिखो जिनके बाहरी कान हमारे बाहरी कानों से बड़े होते हैं?

(ख) पेट्रोल-डीजल का इस्तेमाल हमें सोच-समझकर करना चाहिए। क्यों? कोई दो कारण लिखिए।

प्रश्न 6. निम्न के दो-दो उदाहरण दीजिए :

(1) जलीय जीव ........................, ........................

(2) मरुस्थलीय जीव ........................, ........................

(3) मरुस्थलीय पौधे ........................, ........................

(4) पर्वतीय जीव ........................, ........................

(5) तैरने वाले जलीय पौधे ........................, ........................

(6) घासस्थलीय जंतु ........................, ........................

7. एक मछली का चित्र बनाओ।

8. निम्न चित्रों को ध्यान से देखो और उनके बारे में दो वाक्य लिखो।

..................................................................................................
..................................................................................................
..................................................................................................



..................................................................................................
..................................................................................................
..................................................................................................





..................................................................................................
..................................................................................................
..................................................................................................



# STC-2
# आंकलन प्रपत्र

**विषय : विज्ञान** | **कक्षा-VI**

समय : ........................ | पूर्णांक : 40

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सम्मुख अंकित है।*

*(iii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए।

**(i)** गाय किस प्रकार का जानवर है–

(A) शाकाहारी ( ) (B) मांसाहारी ( )

(C) शाकाहारी एवं मांसाहारी ( ) (D) इनमें से कोई नहीं ( )

**(ii)** किस विटामिन की कमी से 'रतौंधी रोग' होता है–

(A) विटामिन A ( ) (B) विटामिन B ( )

(C) विटामिन C ( ) (D) विटामिन D ( )

**(iii)** एक प्राकृतिक तंतु जिससे सूती वस्त्र बनाए जाते हैं, वह है–

(A) ऊन ( ) (B) जूट ( )

(C) कपास ( ) (D) सिल्क ( )

**(iv)** पारदर्शी, पदार्थ का उदाहरण है–

(A) काँच ( ) (B) लकड़ी ( )

(C) रबड़ ( ) (D) प्लास्टिक ( )

**(v)** नीचे दिए गए वस्तुओं और पदार्थों को खाद्य एवं अखाद्य में वर्गीकृत करें।

पानी, बास्केट बॉल, नारंगी, चीनी, ग्लोब, सेब, एवं मिट्टी का घड़ा

खाद्य वस्तुएं : ..........................................................................................

अखाद्य पदार्थ : ..........................................................................................

प्रश्न 2. निम्न वस्तुओं में से अलग पदार्थों के ऊपर गोले का निशान लगाओ–

(i) कुर्सी, पलंग, टेबल, बच्चा, कपबोर्ड

(ii) गुलाब, चमेली, नाव, गेंदा, कमल

(iii) अल्मुनियम, लोहा, ताँबा, चाँदी, बालू

(iv) चीनी, नमक, बालू, कॉपर सल्फेट

प्रश्न 3. बालू तथा नमक के मिश्रण से आप नमक को किस प्रकार अलग करेंगे?

प्रश्न 4. किसी भी फूल का चित्र बनाकर इसके विभिन्न भागों को नामांकित करें।

प्रश्न 5. मिलान कीजिए–

| | *कॉलम A* | | *कॉलम B* |
|---|---|---|---|
| (i) | पादप जंतु | (क) | रेशम |
| (ii) | जंतु तंतु | (ख) | कपास ओटना |
| (iii) | तंतुओं से धागा बनाना | (ग) | जूट |
| (iv) | बीजों का कंकतन द्वारा पृथक करना | (घ) | बुनाई |
| (v) | धागों के दो सेटों को आपस में व्यवस्थित करना | (ङ) | कताई |
| (vi) | संश्लिष्ट तंतु | (च) | नायलॉन |

प्रश्न 6. दिए गए परिवर्तन के सामने रिक्त स्थान में लिखिए कि वह परिवर्तन उत्क्रमित किया जा सकता है अथवा नहीं?

| | परिवर्तन | उत्क्रमित किया जा सकता है (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|
| 1. |  कागज को मोड़कर बनाया गया खिलौना हवाई जहाज | |
| 2. |  रोटी बेलकर उसे तवे पर सेकना | |
| 3. |  मोमबत्ती का जलना | |
| 4. |  मोमबत्ती का पिघलना | |


प्रश्न 7. नीचे लिखे अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ने के उपरान्त प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कुछ ऐसे पदार्थ होते हैं जिनमें से होकर हम वस्तुओं को देख नहीं सकते हैं। इन पदार्थों को अपारदर्शी कहते हैं। हम यह नहीं बता सकते कि बंद लकड़ी के बॉक्स, गत्ते के डिब्बे या धातु के डिब्बे में क्या रखा है। लकड़ी, गत्ता तथा धतुएँ अपारदर्शी पदार्थों के उदाहरण है।

प्रश्न : (i) 'अपारदर्शी पदार्थ' किसे कहते हैं?

(ii) दो अपारदर्शी पदार्थों के उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 8. नीचे एक पौधे का चित्र दिया गया है, आप इनके विभिन्न भागों को लिखिए :



# STC-1
# आंकलन प्रपत्र

विषय : विज्ञान — कक्षा-VII

समय : ...................... — पूर्णांक : 40

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए।**

**(i)** सभी जीवों के लिए ऊर्जा का चरम स्रोत है–

(A) चन्द्रमा ( ) (B) सूर्य ( )

(C) तारे ( ) (D) उपग्रह ( )

**(ii)** निम्नलिखित में से किससे ऊन प्राप्त नहीं होती–

(A) याक ( ) (B) ऊँट ( )

(C) बकरी ( ) (D) घने बालों वाला कुत्ता ( )

**(iii)** निम्नलिखित में से कौन-सा वन उत्पाद नहीं है–

(A) गोंद ( ) (B) प्लाइवुड ( )

(C) सील करने की लाख ( ) (D) केरोसीन ( )

**(iv)** कीटों को पकड़कर अपना आहार बनाने वाले पादप का नाम है–

(A) अमरबेल ( ) (B) गुड़हल ( )

(C) घटपर्णी (पिचर पादप) ( ) (D) गुलाब ( )

**(v)** पादप का जनन भाग होता है उसका–

(A) पत्ती ( ) (B) तना ( )

(C) मूल ( ) (D) पुष्प ( )

**प्रश्न 2. मिलान करें–**

| | कॉलम *A* | | कॉलम *B* |
|---|---|---|---|
| (i) | अमर बेल | (A) | लाला-रस स्रावित करना |
| (ii) | लाला ग्रन्थि | (B) | परजीवी |
| (iii) | कोकून | (C) | रंध्र |
| (iv) | हल्के रंग के कपड़े पहनने का समय | (D) | रेशम फाइबर उत्पन्न करता है |
| (v) | पत्तियाँ | (E) | ग्रीष्म ऋतु में |

**प्रश्न 3. निम्न कथनों में से 'सत्य' एवं 'असत्य' कथनों का चयन कीजिए–**

(क) अत्यधिक व्यायाम करते समय व्यक्ति की श्वसन दर धीमी हो जाती है।

(ख) समय का मूल मात्रक 'सेकेण्ड' है।

(ग) विद्युत चुम्बक, चुम्बकीय पदार्थों को आकर्षित नहीं करता।

(घ) जस्ते (जिंक) लेपित लोहे के पाइपों में आसानी से जंग नहीं लगती हैं।

(च) जब किसी फ्यूज में से किसी निश्चित सीमा से अधिक विद्युत धारा प्रवाहित होती है तो वह पिघलकर टूट जाता है।

**प्रश्न 4. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(i) क्योंकि हरे पादप अपना खाना स्वयं बनाते हैं इसलिए उन्हें ........................... कहते हैं। (स्वपोषी/परपोषी)

(ii) मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रन्थि का नाम ........................... है। (यकृत/अग्नाशय)

(iii) हल्के रंग के वस्त्रों की अपेक्षा ................ रंग के वस्त्र ऊष्मा का अधिक अवशोषण करते हैं। (सफेद/काले)

(iv) ऐसे परिवर्तन जिनमें नए पदार्थ बनते हैं ........................... परिवर्तन कहलाते हैं। (भौतिक/रासायनिक)

(v) वृक्क अपशिष्ट पदार्थों को द्रव रूप में बाहर निकालते है जिसे हम ........................... कहते हैं। (मूत्र/मल)

**प्रश्न 5. मानव पाचन तंत्र के नामांकित चित्र को देखने के उपरान्त निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**


(क) पित्ताशय से कौन-सा रस स्रावित होता है?

(ख) यह चित्र मानव के किस तंत्र का है?

(ग) जठर-रस (पाचक-रस) किस अंग से स्रावित होता है?

(घ) भोजन का अवशोषण कहां होता है?

(च) वृहदांत्र का मुख्य कार्य क्या है?



मानव पाचन तंत्र

**प्रश्न 6. अमीबा का नामांकित चित्र बनाइए।**

**प्रश्न 7. लकड़ी से बनाई जाने वाली पाँच वस्तुओं के नाम लिखिए।**

1......................................., 2.......................................

3......................................., 4.......................................

5.......................................

# STC-2
# आंकलन प्रपत्र

विषय : विज्ञान  कक्षा-VII

समय : ......................  पूर्णांक : 40

*सामान्य निर्देशः (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सम्मुख अंकित है।*

*(iii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

प्रश्न 1. मिलान कीजिए–

| | कॉलम *A* | | कॉलम *B* |
|---|---|---|---|
| (i) | घुलनशील | (क) | पैन्सिल |
| (ii) | कठोर | (ख) | ऊन |
| (iii) | अघुलनशील | (ग) | चांदी |
| (iv) | चमक | (घ) | चीनी |
| (v) | खुरदरा | (ङ) | रेगमाल |
| (vi) | कोमल | (च) | रेत |

प्रश्न 2. MCQ सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाएं–ज

**(i)** जल को सार्वजनिक विलायक कहते हैं क्योंकि :

(A) उसमें बहुत कम ठोस घोले जा सकते हैं ☐

(B) उसमें कोई भी पदार्थ नहीं घुलता है ☐

(C) उसमें केवल द्रव पदार्थ घोले जा सकते हैं ☐

(D) उसमें बहुत से ठोस, द्रव व गैस घुल जाते हैं ☐

**(ii)** संतृप्त विलयन वह होता है जिसमें :

(A) और पदार्थ घोला जा सकता है ☐

(B) और पदार्थ घोला नहीं जा सकता है ☐

(C) जिसको छाना जा सकता है ☐

(D) जो बहुत मीठा होता है ☐

**(iii)** निम्न में से कौन-सा प्राकृतिक आवास नहीं है?

(A) समुद्र ☐

(B) मरुस्थल ☐

(C) चिड़ियाघर ☐

(D) पर्वत ☐

**(iv)** बाढ़ निम्न में से किस को प्रभावित करता है।

- (A) फसलें ☐
- (B) जानवर ☐
- (C) मनुष्य ☐
- (D) उपरोक्त सभी ☐


**(v)** वाष्पोत्सर्जन में :


- (A) पौधे जल अवशोषित करते हैं ☐
- (B) पौधे भोजन संश्लेषित करते हैं ☐
- (C) भूमि में जल का रिसाव होता है ☐
- (D) जल वाष्प के रूप में पानी का ह्रास होता है ☐

**प्रश्न 3. प्लास्टिक से बनी पांच वस्तुओं के चित्र बनाइए।**

**प्रश्न 4. निम्न आकृति की वस्तुओं के दो-दो उदाहरण दीजिए :**

(क)  ............................, ............................

(ख)  ............................, ............................

(ग)  ............................, ............................

(घ)  ............................, ............................

**प्रश्न 5. एक मरुस्थलीय पौधे या जलीय जीव का चित्र बनाइए।**

प्रश्न 6. निम्न की पहचान करके नाम लिखो :

(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

प्रश्न 7. पानी के कोई चार उपयोग लिखिए।

(1) ..........................................................................................

(2) ..........................................................................................

(3) ..........................................................................................

(4) ..........................................................................................

प्रश्न 8. जड़ के कार्य लिखिए।

..........................................................................................

..........................................................................................

प्रश्न 9. दी गई कुंजी की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

हस्त-चयन, स्त्रीकेसर, कैक्टस (नागफनी), जड़, अजैव

(क) पौधे का जो भाग मिट्टी के अंदर होता है, उसे .......................... कहते हैं।

(ख) पौधे के मादा जननांग को .......................... कहते हैं।

(ग) वायु, मिट्टी और जल आवास के .......................... घटक है।

(घ) .......................... एक मरुस्थलीय पौधे का उदाहरण है।

(ङ) किसी मिश्रण के अवयवों को हाथ द्वारा पृथक करने की विधि को .......................... कहते हैं।

# STC-2
# आंकलन प्रपत्र

**विषय : विज्ञान** **कक्षा-VIII**

समय : ......................... पूर्णांक : 40

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*
*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

प्रश्न 1. उचित विकल्प चुनिए–

**(i)** चीनी को एल्कोहल में परिवर्तित करने के प्रक्रम का नाम है–

(A) नाइट्रोजन स्थिरीकरण ( ) (B) मोल्डिंग ( )
(C) किण्वन ( ) (D) संक्रमण ( )

**(ii)** निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही है–

(A) सभी धातुएँ तन्य होती है ( )
(B) सभी अधातुएँ तन्य होती है ( )
(C) कुछ अधातुएँ तन्य होती है ( )
(D) सामान्यत: धातुएँ तन्य होती है ( )

**(iii)** आंतरिक निषेचन होता है–

(A) मादा के शरीर में ( ) (B) मादा के शरीर से बाहर ( )
(C) नर के शरीर में ( ) (D) नर के शरीर से बाहर ( )

**(iv)** स्त्रियों में जनन आयु (काल) का प्रारम्भ उस समय होता है जब उनके–

(A) ऋतुस्राव प्रारम्भ होता है ( )
(B) स्तन विकसित होना प्रारम्भ करते हैं ( )
(C) शारीरिक भार में वृद्धि होनी लगती है ( )
(D) शरीर की लम्बाई बढ़ती है ( )

**(v)** निम्न में से किस वाक्-ध्वनि की आवृत्ति न्यूनतम होने की संभावना है–

(A) छोटी लड़की की ( ) (B) छोटे लड़के की ( )
(C) पुरुष की ( ) (D) महिला की ( )

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

(क) हैजा ...................... के द्वारा होता है।
(ख) सूक्ष्म जीवों को ...................... की सहायता से देखा जा सकता है।
(ग) आयरन, कॉपर की अपेक्षा ...................... अभिक्रियाशील है।
(घ) वह क्षेत्र जिसमें जन्तु अपने प्राकृतिक आवास में संरक्षित होते हैं, ...................... कहलाता है।
(च) किसी चुम्बक का उत्तरी ध्रुव दूसरे चुम्बक के उत्तरी ध्रुव को ...................... करता है।

प्रश्न 3. मिलान कीजिए–

| कॉलम *A* | | कॉलम *B* | |
|---|---|---|---|
| (i) | खरीफ फसल | (क) | AIDS का कारक |
| (ii) | एक विषाणु | (ख) | कपड़े में आसानी से बल नहीं पड़ता |
| (iii) | पॉलिएस्टर | (ग) | धान एवं मक्का |
| (iv) | ताँबा | (घ) | इन्सुलिन का स्राव |
| (v) | अग्न्याशय | (ङ) | बिजली के तार बनाए जाते हैं |

प्रश्न 4. यदि कथन सही है तो 'T' और यदि गलत है तो कोष्ठक में 'F' लिखिए–

(क) सोडियम बहुत अभिक्रियाशील धातु है। ()

(ख) कोक, कार्बन का शुद्धतम रूप है। ()

(ग) अमीबा की आकृति अनियमित होती है। ()

(घ) ध्वनि निर्वात में संचारित नहीं हो सकती। ()

(च) तड़ित चालक किसी भवन की तड़ित से सुरक्षा नहीं कर सकता। ()

प्रश्न 5. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) खर-पतवार क्या है? हम उनका नियंत्रण कैसे कर सकते हैं?

(ख) सूक्ष्मजीवों द्वारा होने वाली हानियों का विवरण कीजिए।

(ग) वनोन्मूलन (जंगलों को काटना) के कारक और उनके प्रभाव के बारे में लिखें।


प्रश्न 6. मानव नेत्र का नामांकित चित्र बनाओ।

प्रश्न 7. नीचे मानव में मादा जननांग का चित्र दिया हुआ है आप इन जनन अंगों का नाम लिखिए–



मानव में मादा जननांग

प्रश्न 8. नीचे दिए गए चित्र में भोजन के पोषक पदार्थों के नाम अंकित है। आप इस चित्र को ध्यान से देखकर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।



(क) विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों में मुख्यतः कौन-सा पोषक तत्व होता है?

(ख) प्रोटीन के प्रमुख स्रोतों का नाम लिखो।

(ग) लौह तत्व किस-किस पोषक पदार्थ में पाया जाता है?

# STC-2
# आंकलन प्रपत्र

**विषय : विज्ञान** **कक्षा-VIII**

समय : ...................... पूर्णांक : 40

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए।

**(i)** मलेरिया परजीवी का वाहक है–

(A) मादा एनॉफ्लीज मच्छर ( ) (B) कॉकरोच ( )

(C) घरेलू मक्खी ( ) (D) तितली ( )

**(ii)** ब्रेड अथवा इडली फूल जाती है इसका कारण है–

(A) ऊष्णता ( ) (B) पीसना ( )

(C) यीस्ट कोशिकाओं की वृद्धि ( ) (D) माढ़ने के कारण ( )

**(iii)** निम्नलिखित में से किसको पीटकर पतली चादरों में परिवर्तित किया जा सकता है–

(A) जिंक ( ) (B) फास्फोरस ( )

(C) सल्फर ( ) (D) ऑक्सीजन ( )

**(iv)** निम्नलिखित में से कौन-सा आहार किशोर के लिए सर्वोचित है–

(A) चिप्स, नूडल्स, कोक ( )

(B) रोटी, दाल, सब्जियां ( )

(C) चावल, नूडल्स, बर्गर ( )

(D) शाकाहारी टिक्की, चिप्स तथा लेमन पेय ( )

**(v)** निम्नलिखित में से कौन सूर्य का ग्रह नहीं है–

(A) सीरियस ( ) (B) बुध ( )

(C) शनि ( ) (D) पृथ्वी ( )

प्रश्न 2. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(i) हैजा ...................... के द्वारा होता है। (जीवाणु/विषाणु)

(ii) धातुएँ अम्लों से अभिक्रिया कर ...................... गैस बनाती है। (हाइड्रोजन/ऑक्सीजन)

(iii) वाहनों के लिए सबसे कम प्रदूषण ईंधन ...................... है। (डीजल/सीएनजी)

(iv) कैरम बोर्ड पर पाउडर छिड़कने से घर्षण ...................... हो जाता है। (अधिक/कम)

(v) जब आप मंद प्रकाश में देखते हैं तो आपकी पुतली का साइज .......... हो जाता है। (कम/अधिक)

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों पर सत्य **(T)** अथवा असत्य **(F)** अंकित कीजिए।

(i) बुध सौर परिवार का सबसे छोटा ग्रह है। ( )

(ii) कोयले को खींचकर तारें प्राप्त की जा सकती है। ( )

(iii) ग्रह की परिक्रमा करने वाले पिंड उपग्रह कहलाते हैं। ( )

(iv) एक कोशिक जीव में एक ही कोशिका होती है। ( )


(v) अंड प्रजक जन्तु विकसित शिशु को जन्म देते हैं। ( )

प्रश्न 4. कॉलम **A** में दिए गए शब्दों का मिलान कॉलम **B** से कीजिए–

| *कॉलम A* | *कॉलम B* |
|---|---|
| (i) रबी फसल | (A) यूरिया एवं सुपर फॉस्फेट |
| (ii) रासायनिक उर्वरक | (B) गेहूं, चना, मटर |
| (iii) नाइलॉन | (C) आभूषण |
| (iv) सोना | (D) चन्द्रमा |
| (v) पृथ्वी का उपग्रह | (E) पैराशूट और मोजा बनाने में उपयोग किया जाता है |

प्रश्न 5. अमीबा का नामांकित चित्र बनाओ।

प्रश्न 6. नीचे पादप कोशिका का चित्र दिया गया है आप कोशिकांग के नाम लिखिए।



प्रश्न 7. किशोरावस्था में लड़के व लड़कियों में होने वाले तीन-तीन गौण लैंगिक लक्षण लिखिए।

| *लड़कों में* | *लड़कियों में* |
|---|---|
| (1) .................................... | (1) .................................... |
| (2) .................................... | (2) .................................... |
| (3) .................................... | (3) .................................... |

प्रश्न 8. सिंचाई के चार स्रोतों के नाम लिखो–

1. ..........................................................................................

2. ..........................................................................................

# Document Outline


- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_01
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_02
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_03
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_04
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_05
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_06
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_07
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_08
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_09
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_10
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_11
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_12
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_13
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_14
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_15
- 27-vigyan Class VI to VIII_Page_16